# अंतर्राज्यीय गिरोह के तस्कर गिरफ्तार

## एसटीएफ उज्जैन की टीम ने ने की बड़ी कार्रवाई

### 41 लाख रुपए की स्मैक बरामद

**उज्जैन,21 जनवरी. अवैध मादक पदार्थ के साथ एसटीएफ उज्जैन की टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है जिनके पास से 41 लाख की स्मैक, 200000 नगद और कार, मोबाइल बरामद किया गया है. तीनों अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य है.**



एसटीएफ उपपुलिस अधीक्षक योगेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भोजाखेड़ी, आलोट जिला रतलाम का रहने वाला जयदीप सिंह परिहार नाम का व्यक्ति अपनी सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 झेड टी 2343 से आकर जबलपुर के रहने वाले दो व्यक्ति अभिषेक सोनकर और अजय प्रजापति को आगर रोड पर लवखेड़ी हनुमान मंदिर से आगे आगर तरफ नायरा पेट्रोल पंप के पास अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने वाला है. एसटीएफ इकाई उज्जैन द्वारा उक्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते लवखेडी हनुमान मंदिर से आगे आगर तरफ नायरा पेट्रोल पंप के पास से अभिषेक पिता चंद्रमोहन सोनकर 32 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला, घमापुर चौक, जबलपुर, जयदीप सिंह पिता दिलीप सिंह परिहार 47 वर्ष निवासी ग्राम भोजाखेडी, तहसील आलोट जिला रतलाम और अजय पिता बाबूलाल प्रजापती 21 वर्ष निवासी बाबा टोला, मदार टेकरी, शारदा मन्दिर के पास जबलपुर को सफेद रंग की क्रेटा कार में मादक पदार्थ की डील करते हुए रंगेहाथों पकड़ा. आरोपियों अभिषेक सोनकर, जयदीप सिंह परिहार, अजय प्रजापति की तलाशी लेने पर 410 ग्राम स्मैक, 02 आईफोन, 02 एण्डरॉयड मोबाइल, 01 की-पेड मोबाइल, 1 चार पहिया वाहन क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 जेडटी 2343 जब्त की गई.

**बरामद कार की कीमत 18 लाख**

तस्करों के पास से 2 लाख रुपये नगद भी मिले हैं. आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट व 111 (2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. आरोपियों से पूछताछ जारी है. बरामद की गई स्मैक 41 लाख की सामने आई है वहीं कार की कीमत 18 लाख है.

### ग्वालियर के गांवों में फिर घुसा कूनो से भागा चीता, लोगों में दहशत

**ग्वालियर.** गांवों में एक बार फिर से कूनो सेंचुरी से भागा चीता घुस गया है, जिससे लोगों में दहशत है. शाम के समय बरई पनिहार क्षेत्र के गाँव की सड़कें जल्द सुनसान होने लगी हैं. कूनो नेशनल पार्क से भागे चीते को ग्वालियर का जंगल रास आ गया है. गांवों में जानवरों का शिकार कर चीता अपना पेट भर रहा है. सुबह चीता पहाड़ी के ऊपर से उतरकर नरेश पांडे के सरसों के खेत में पहुंच गया. यहां लोगों ने चीता देखा तो वे भयभीत हो गए. हालांकि चीता पर वन विभाग की स्पेशल टीम नजर रखे हुए है. अब वह रेल पटरी को पार कर बरई के जंगल में जा पहुंचा है. सरसों के खेत में बैठे चीता से शुरू में तो लोग भयभीत रहे.



# गणतंत्र दिवस परेड का भव्य पूर्वाभ्यास जारी

**10 प्लाटून लेंगे भाग**

**24 को फाइनल ड्रेस रिहर्सल**

**26 को न. 2 मैदान में होगा समारोह**

**नीमच ,21 जनवरी. देश के 77 वें गणतंत्र दिवस को लेकर नीमच में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शहर के शासकीय क्रमांक-2 स्कूल मैदान में गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा.**

इससे पूर्व 24 जनवरी को फाइनल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्लाटून पूर्ण गणवेश में परेड का अभ्यास करेंगे. गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत प्रतिदिन क्रमांक-2 स्कूल मैदान परिसर में परेड का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है. इस वर्ष आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में कुल 10 प्लाटून शामिल होंगे, जो अनुशासन, एकरूपता और देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन करेंगे. परेड में सीआरपीएफ, वन विभाग, महिला पुलिस बल, पुरुष पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड, होमगार्ड, शौर्य दल,रेडक्रास, सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के प्लाटून भाग लेंगे. पूर्वाभ्यास के दौरान परेड कमांडर के निर्देशन में सभी टुकडियां कदमताल, सलामी और मार्च पास्ट का अभ्यास कर रही हैं.

परेड के दौरान सीआरपीएफ बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों पर सभी प्लाटून मंच के समक्ष से गुजरते हुए राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव का संदेश देंगे. बैंड की मधुर एवं जोशीली धुनों से मैदान परिसर में देशभक्ति का वातावरण निर्मित हो रहा है. प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तैयारियों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं गरिमामय रूप से संपन्न हो सके.

### एक नजर में

#### तहसीलदार पर रिश्वत के आरोप, वीडियो वायरल

**दतिया.** जिले के उनाव कस्बे के नरगढ़ गांव से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस का मामला सामने आया है. वायरल हो रहे वीडियो में एक ग्रामीण युवक खुलेआम तहसीलदार पर दो लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाता नजर आ रहा है. इसी दौरान मौके पर मौजूद एसडीएम और ग्रामीण युवक के बीच भी जमकर नोंकझोंक होती दिखाई दे रही है. वीडियो में युवक प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए दिखता है, जिस पर तहसीलदार उसे फालतू बातें न करने की नसीहत देते नजर आते हैं. बातचीत के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो जाता है और विवाद बढ़ता चला जाता है.

#### सरई बाजार में चला अतिक्रमण मुहिम

**सरई.** नगर को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम यातायात योग्य बनाने के उद्देश्य से आज दिन बुधवार को सरई बाजार में प्रशासनिक अमले ने अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई की. देवसर एसडीओपी गायत्री तिवारी, नगर परिषद सीएमओ सुरेंद्र सिंह उईके, प्रभारी थाना प्रभारी सरई सूरज सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद का अमला तथा पुलिस बल सड़कों पर उतरा और बाजार क्षेत्र में वर्षों से जमे अव्यवस्था के कारणों पर सख्ती से अंकुश लगाया. कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण की नाप-जोख कर दुकानदारों को तय सीमा में ही दुकान लगाने की स्पष्ट हिदायत दी गई.



**शुक्ल ने थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी से की भेंट**

**भोपाल.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी से सौजन्य भेंट की. उन्होंने समसामयिक विषयों, जनहित से जुड़े मुद्दों और विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की.

# विधायक प्रीतम का बरैया पर हमला

**बहनों का अपमान करने वालों की शुद्धि जूतों से ही होगी**

**शिवपुरी ,21 जनवरी.. पिछोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रीतम लोधी ने बेटियों को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया पर निशाना साधा. उन्होंने इस संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया.**

विधायक प्रीतम लोधी ने फूल सिंह बरैया को टकला कहकर संबोधित किया. उन्होंने पिछोर के पूर्व विधायक केपी सिंह का नाम लिए बिना उन पर भी टिप्पणी की. लोधी ने आरोप लगाया कि दोनों नेता लाडली बहनों के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हैं. विधायक लोधी ने चेतावनी दी कि 'लाडली बहनों' पर छींटाकशी बंद होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो वे 'लाडली बहनों' को सशक्त करेंगे ताकि वे अच्छे जूते-चप्पल खरीदकर ऐसे लोगों का 'स्वागत' कर सकें.



> विधायक के अनुसार, इससे उन्हें अपने शब्दों के परिणामों का एहसास होगा. लोधी ने एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पूर्व में पिछोर के विधायक रहे केपी सिंह ने माताओं और बहनों के बारे में अपशब्द कहे थे. तब महिलाओं ने थाने के बाहर उनके पुतले पर जूते-चप्पल मारे थे. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब ऐसी घटना दोहराई गई, तो 'लाडली बहनें' स्वयं ऐसे लोगों को जूते-चप्पल मारेंगी. विधायक ने कहा कि इसके लिए योजना बनाई जा रही है और तैयारियां भी की जा रही हैं.

**लाडली बहनें स्वयं जूते-चप्पल मारेंगी**

उन्होंने कहा कि यदि इन नेताओं ने लाडली बहनों पर टिप्पणी करना जारी रखा और किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए, तो उनके कार्यकर्ता जूते-चप्पल और अंडों से उनका स्वागत करेंगे.

# डोरस्टेप डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सुविधा शुरू

**पेंशनधारकों को घर बैठे सेवा**

**ग्वालियर,21जनवरी.कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ईपीएस पेंशनधारकों की सुविधा के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सहयोग से डोरस्टेप डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेशन सुविधा प्रारंभ की है, जो 01 दिसंबर 2025 से प्रभावी है.**

इस सुविधा के अंतर्गत अब पेंशनधारकों को अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए बैंक, डाकघर या ईपीएफओ कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी. डाक सेवक / पोस्टमैन स्वयं पेंशनधारक के निवास पर जाकर आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजीअथवा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तैयार करेगा. इस सुविधा की प्रमुख विशेषताएँ: पेंशनधारकों को घर बैठे सेवा, सेवा पूर्णत: नि:शुल्क - किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं,सुरक्षित फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग,पेंशन भुगतान में किसी प्रकार का अवरोध नहीं,वृद्ध, बीमार, दिव्यांग एवं असहाय पेंशनधारकों के लिए अत्यंत लाभकारी है. सेवा का लाभ कैसे लें:पेंशनधारक ढ्ढक्कक्च के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल करके डोरस्टेप सेवा का अनुरोध कर सकते हैं. अनुरोध प्राप्त होने पर संबंधित क्षेत्र का डाक सेवक/पोस्टमैन पेंशनधारक के निवास पर जाकर विवरण सत्यापित करेगा एवं डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करेगा.

**इस सेवा के लिए कोई राशि न दें**

IPPB कस्टमर केयर नंबर: 033-22029000 है. इस सेवा के लिए किसी को भी कोई राशि न दें- डाक सेवक/पोस्टमैन भविष्य में स्वयं फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से DLC जनरेट करने हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा. किसी भी शिकायत की स्थिति में पेंशनधारक अथवा IPPB की शिकायत निवारण प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं. इस सेवा के लिए किसी को भी कोई राशि न दें.

### 32 लाख के घोटाले में अधिकारी सहित अध्यक्ष राजू बाथम के खिलाफ जांच शुरू

**ग्वालियर.** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ग्वालियर ने मत्स्य विभाग के तत्कालीन सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद रजक सहित मत्स्य उद्योग सहकारी समिति बैराड के अध्यक्ष राजू बाथम, मत्स्य सहकारी संस्था ग्राम छर्च की सदस्य रेखा कुशवाह, ग्राम पचीपुरा की सदस्य अनीता बाथम और फर्म गिर्राज जी आयल सप्लायर के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है. आरोप है कि फर्जी बिल व क्यूटेशन के आधार पर 32 लाख रुपये के घोटाले में अनुदान राशि का भुगतान किया गया. मत्स्य सम्पदा योजना के तहत महिला हितग्राही को इंसुलेटेड वाहन पर 60% और पुरुष हितग्राही को 40% अनुदान मिलता है.

# जेवर चोरी के आरोपियों को किया पकड़ाए

## एक करोड़ 53 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद

**शिवपुरी, 21 जनवरी. मध्यप्रदेश में शिवपुरी जिले के कोलारस थाना पुलिस ने बुधवार को दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक करोड़ 53 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं.**

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने जानकारी दी कि गिरफ्तार आरोपियों में अमन रावत, ग्राम खोकर और अभिषेक रावत, ग्राम कुलवा निवासी शामिल हैं. पुलिस के अनुसार, घटना गत 21 जुलाई को हुई थी, जब फरियादी गिरीश कुमार जैन ने कोलारस के सदर बाजार में अपनी दुकान के शटर टूटे होने और सोने-चांदी के जेवर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने आसपास के जिलों के कुख्यात अपराधियों से पूछताछ की और साइबर सेल की मदद से जानकारी जुटाई. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम खोखर रोड पर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को देखा और घेराबंदी कर पकड़ा. तलाशी में उसके पास से चोरी के आभूषण बरामद हुए.




> पूछताछ में उसने बताया कि उसने और अभिषेक रावत अपने रिश्तेदार संजय रावत व जानकी रावत के साथ मिलकर चोरी की थी और माल को गांव खोखर में देवस्थान के चबूतरे के पास गढ़ा था. पुलिस ने आरोपी अभिषेक को भी गिरफ्तार कराई और मौके पर खुदाई की. गढ्ढे से लगभग 46 किलो चांदी के जेवर और अन्य सोने के आभूषण मिले, जिनकी कुल कीमत 1.53 करोड़ रुपए आंकी गई है. पुलिस अब संजय रावत और जानकी रावत की तलाश कर रही है.

# पूर्व मंत्री के पुत्र राजा सोनकर पर दर्ज हुई एफआईआर



**जबलपुर ,21 जनवरी.. पूर्व मंत्री अंचल सोनकर के पुत्र राजा सोनकर के खिलाफ बेलबाग पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है.**

दरअसल शहर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते संगठित अपराध के विरोध में कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में निकली प्रदर्शन रैली मंगलवार को जैसे ही पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक अंचल सोनकर के बंगले के सामने से निकली तो बंगले के ऊपर खड़े भाजपा नेता के बेटे ने रिवाल्वर लहराते हुए कांग्रेसियों को चमकाई थी. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में सिंघई पेट्रोल पम्प ब्यौहारबाग के बगल में बेलबाग में एक घर की बालकनी में राजा सोनकर के द्वारा रिवाल्वर ऊपर कर लहराते हुये दिखाई दे रहा है उक्त स्थान सार्वजनिक एवं पास में बच्चों का क्लीनिक व आमरोड घमापुर तहसील चौक का होने से आमजन का आवागमन सुचारू रूप से रहता है.

# मोबाइल फॉरेंसिक लैब को दिखाई हरी झंडी




**ग्वालियर ,21 जनवरी.. पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आईजी अरविंद सक्सैना और एसएसपी धर्मवीर सिंह ने 5 सड़क सुरक्षा जागरूकता रथों एवं मोबाइल फॉरेंसिक लैब वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

कार्यक्रम में आईजी अरविंद सक्सैना ने कहा कि यातायात जागरूकता रथों का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके. उन्होंने कहा जागरूकता रथों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें और हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, निर्धारित गति सीमा का पालन करना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाना आदि के लिये जागरूक किया जाएगा.

> कार्यक्रम में एसएसपी धर्मवीर सिंह ने कहा कि फॉरेंसिक लैब वाहन से अब घटनास्थल पर ही त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीके से फॉरेंसिक जांच संभव हो सकेगी. इन चलती-फिरती प्रयोगशालाओं के माध्यम से अपराध स्थल पर ही डिजिटल साक्ष्य, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित अन्य महत्वपूर्ण फॉरेंसिक साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन एवं प्रारंभिक विश्लेषण किया जा सकेगा, जिससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं गति आएगी.

### खंडवा में बीएलओ से अभद्रता पर बड़ी कार्रवाई

**खंडवा.** एसआईआर कार्य के दौरान महिला बीएलओ एवं उनकी टीम से अभद्रता करने के मामले में नगर निगम खंडवा के सहायक ई-गवर्नेंस अधिकारी अंकित पंवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है. यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर निगम आयुक्त द्वारा की गई.

जानकारी के अनुसार एसआईआर कार्य के दौरान जसवाड़ी रोड क्षेत्र के लिए अंकित पंवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था. ओटीपी लेने की प्रक्रिया को लेकर पंवार और बीएलओ के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद बीएलओ ने लिखित शिकायत दर्ज कराई.

# शातिर जालसाज संजय कालरा पर एक साथ दो एफआईआर

**महिला गैराज मालकिन से मांगे 20 लाख**

**इंदौर ,21 जनवरी. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और अवैध वसूली के आरोप में संजय करिरा उर्फ कालरा के खिलाफ पुलिस ने एक साथ दो मामले दर्ज किए हैं.**

आरोपी ने पहले गाड़ियाँ किराए पर लेकर उन्हें गिरवी रखवा दी और वाहन मालिकों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया, वहीं केसरबाग रोड पर गैराज की मालकिन को धमकाकर 20 लाख रुपये की मांग भी की. पहली एफआईआर न्यू गौरी नगर निवासी रोमेन्द्र सिंह भदौरिया की शिकायत पर दर्ज हुई. संजय कालरा ने उनसे गाड़ी किराए पर ली और दो महीने का किराया देने के बाद गाड़ी वापस नहीं की. दबाव डालने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और गाड़ी कहीं और गिरवी रख दी. आरोपी पर पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हो चुके हैं. दूसरा मामला केसरबाग रोड स्थित गैराज की मालकिन राधिका सोलंकी की शिकायत पर दर्ज किया. उन्होंने बताया कि उनका गैराज तीन साल पहले किराए पर दिया गया था, जिसे संजय कालरा ने बिना जानकारी के संभाल लिया और कार वॉशिंग और गाड़ी किराए पर देने का काम शुरू कर दिया.

**संभावनायें** | **सांसद ने किया वृहद रोजगार मेले सतना रोजगार पर्व का किया शुभारंभ**

# तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के विपुल अवसर

**सतना, ,21 जनवरी. सांसद गणेश सिंह ने कहा कि कौशल उन्नयन, विकास और तकनीकी क्षेत्र में देश भर में रोजगार के विपुल अवसर और संभावनायें है. रोजगार मेले का आयोजन सतत प्रक्रिया है. केन्द्र सरकार और राज्य सरकार ने विकसित भारत अभियान के तहत पूरे देश में 4 करोड युवाओं को रोजगार से जोडने का लक्ष्य निर्धारित किया है.**

सांसद सतना मंगलवार को एकेएस यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित द्वि-दिवसीय वृहद रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश




कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, एकेएसयू के चेयरमैन अनंत कुमार सोनी, प्रो. कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, प्राचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एससी राय, जिला रोजगार अधिकारी अजय सिंह बागरी, बीडी तिवारी, एलडीएम गौतम शर्मा, सूर्यनाथ सिंह गहरवार, उत्थान सेवा फाउण्डेशन के अध्यक्ष विकल्प सिंह भी उपस्थित रहे.

> सांसद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्किल इंडिया बनाने के संकल्प के तहत भारत सरकार के सभी विभागों को कौशल विकास केन्द्रों से जोडा गया है. विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा को तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के समावेश से रोजगार परक शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है. भारत युवाओं का देश है. भारत में रोजगार के व्यापक अवसर है. देश के युवाओं ने लाखों की संख्या में स्टार्टअप खडे कर अन्य युवाओं को भी रोजगार दिया है.

### रेलवे ने दुकानदारों को हटाकर 100 करोड़ की भूमि मुक्त कराई

**ग्वालियर.** रेलवे ने आज दोपहर मुरार हॉकर्स जोन में बड़ी कार्रवाई कर दुकानदारों को हटाकर लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि मुक्त कराई. इस कार्रवाई के बाद प्रभावित दुकानदारों में आक्रोश फैल गया और वे धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए. दुकानदारों का कहना है कि वे लगभग 50 साल से वहीं अपना व्यवसाय चला रहे थे और अचानक इस कार्रवाई से उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा. कई दुकानदारों ने आत्मदाह की चेतावनी भी दी. मौके पर पुलिस की भारी फोर्स तैनात की गई है और तनाव की स्थिति बनी हुई है.

# ग्राम चौपालों में पहुंचीं पूर्व सांसद मीनाक्षी

**मन्दसौर ,21 जनवरी. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की केंद्रीय कार्य समिति सदस्य, तेलंगाना प्रभारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने बुधवार को मन्दसौर जिले में मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन चौपाल कार्यक्रमों में भाग लिया.**




इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न ब्लॉकों की ग्राम चौपालों में ग्रामीणों से संवाद कर केंद्र सरकार की नीतियों से मनरेगा पर मंडरा रहे खतरे को लेकर जागरूक किया. नटराजन ने सीतामऊ, कयामपुर, सुवासरा एवं शामगढ़ ब्लॉक के ग्राम आक्या, रहिमगढ़, धानडी एवं टकरावद में आयोजित चौपालों में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया. उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत का संवैधानिक अधिकार और रोजगार की गारंटी है. इसे कमजोर करने की किसी भी कोशिश का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन प्रक्रिया के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. पंचायत स्तर पर कमेटियों का गठन किया जा रहा है.